# संस्कृति को मुख्यधारा में लाने पर जोर

**आरएनटीयू में राष्ट्रीय संगोष्ठी में हुआ गहन मंथन**



निज संवादाता

**भोपाल, 11 जुलाई. रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के अंतिम दिन संस्कृति, कला और पत्रकारिता के संबंधों पर गंभीर चर्चा हुई.**

देशभर से आए पत्रकारों, साहित्यकारों और कला विशेषज्ञों ने कहा कि पत्रकारिता केवल खबर देने का माध्यम नहीं बल्कि समाज की सांस्कृतिक पहचान और मूल्यों को संजोने का भी काम करती है.

दिनभर चले सत्रों में फिल्म, साहित्य और सांस्कृतिक पत्रकारिता के बदलते स्वरूप पर विस्तार से बात हुई. वक्ताओं ने कहा कि आज के डिजिटल दौर में सांस्कृतिक विषयों की उपेक्षा हो रही है, जबकि समाज की दिशा तय करने में इनकी अहम भूमिका है. फिल्म पत्रकार अजय ब्रह्मात्मज ने कहा कि अब प्रचार और पत्रकारिता के बीच फर्क करना जरूरी हो गया है. वहीं डॉ. श्रीराम परिहार ने पत्रकारों को संस्कृति की समझ बढ़ाने पर जोर दिया.'पत्रकारिता की मुख्यधारा में संस्कृति और कलाएं' विषय पर हुए सत्र में विशेषज्ञों ने कहा कि संस्कृति को जीवन के केंद्र में रखना होगा. दूसरे सत्र में 'रंगसंवाद' पत्रिका की भूमिका पर चर्चा हुई, जिसे कला विमर्श का मजबूत मंच बताया गया. डिजिटल पत्रकारिता पर हुए अंतिम सत्र में तकनीक और एआई की चुनौतियों पर भी बात हुई.वक्ताओं ने कहा कि तकनीक का उपयोग जिम्मेदारी और विवेक के साथ होना चाहिए.कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का सम्मान किया गया, सत्र में बड़ी संख्या में विद्यार्थी व शोधार्थी शामिल रहे.

## सेफ क्लिक 2.0 का असर, लाखों की ठगी की रकम भी बरामद

**भोपाल (विशेष संवाददाता).** मध्यप्रदेश पुलिस के राज्यव्यापी 'सेफ क्लिक 2.0' साइबर जागरूकता अभियान का सकारात्मक असर अब प्रदेशभर में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है. अभियान के दौरान नागरिकों को साइबर अपराधियों के नए-नए हथकंडों से सतर्क रहने का प्रशिक्षण दिया गया, जिसका परिणाम यह रहा कि कई लोगों ने समय रहते ठगी के प्रयासों को विफल कर दिया, वहीं पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लाखों रुपये की ठगी की राशि भी बरामद की. 24 जून से 8 जुलाई तक चले इस अभियान में लोगों को फर्जी डिजिटल अरेस्ट, संदिग्ध लिंक, ओटीपी ठगी, फर्जी केवाईसी अपडेट तथा सरकारी योजनाओं के नाम पर होने वाली साइबर धोखाधड़ी के प्रति जागरूक किया गया.

# कविताओं को पढ़कर समझा, फिर विचार किए साझा

विहान ड्रामा वर्क्स ने किया 'पोएटिक्स 15' का अनूठा आयोजन





निज संवाददाता

**भोपाल, 11 जुलाई. शहर में कविता को नए अंदाज में समझने और महसूस करने का अनूठा आयोजन देखने को मिला. विहान ड्रामा वर्क्स द्वारा 'पोएटिक्स 15' का आयोजन सेवन हिल्स पब्लिक स्कूल में किया गया, जिसमें युवाओं, विद्यार्थियों और साहित्य प्रेमियों ने उत्साह से भाग लिया.**

कार्यक्रम की शुरुआत सुभद्रा कुमारी चौहान की प्रसिद्ध कविता खूब लड़ी मर्दानी..की प्रस्तुति से हुई. इसके बाद कवि हेमंत देवलेकर ने पूरे सत्र का संचालन करते हुए प्रतिभागियों को कविता को गहराई से समझने के लिए प्रेरित किया. परिसर में अलग-अलग कविताएं रखी गई और प्रतिभागियों से उन्हें पढ़कर अपने अनुभव समझने को कहा गया.

हर कुछ समय बाद लोग अपने विचार साझा करते रहे, जिससे एक संवादात्मक माहौल बना रहा. करीब दो घंटे तक चले इस सत्र में प्रतिभागियों ने न सिर्फ कविताएं पढ़ीं, बल्कि उन्हें महसूस भी किया. आयोजकों का कहना है कि ऐसे प्रयास युवाओं में पढ़ने की आदत और संवेदनशील सोच को बढ़ावा देते हैं. प्रतिभागियों ने इसे कविता से जुड़ने का नया और असरदार तरीका बताया.

## शिविर में छात्राओं को दी अधिकारों की जानकारी

**भोपाल.** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अनुसूचित जनजाति समुदाय और दिव्यांगजनों के अधिकारों के संरक्षण एवं सशक्तिकरण के लिए विशेष विधिक जागरूकता एवं सेवा शिविर आयोजित किए. यह आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन तथा सचिव सुनीत अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया. अनुसूचित जनजाति महाविद्यालय कन्या छात्रावास, प्रोफेसर कॉलोनी में आयोजित शिविर में छात्राओं एवं उनके परिजनों को संवैधानिक अधिकारों, नि:शुल्क विधिक सहायतां की जानकारी दी गई.

# सीएम आज इंदौर में पौधरोपण अभियान का करेंगे शुभारंभ

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 11 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर संचालित एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत इंदौर में 12 जुलाई को प्रात: 10.30 बजे बीएसएफ परिसर, ग्राम बुडानिया में 21 लाख पौधों का रोपण एवं 51 हजार वर्षा जल संचयन यूनिट स्थापना के महाअभियान का शुभारंभ करेंगे.**

कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे. एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आयोजित यह महाअभियान पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और जल संवर्धन को जन-आंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है. अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधारोपण के साथ 51 हजार वर्षा जल संचयन यूनिट स्थापित कर वर्षा जल के संरक्षण को भी बढ़ावा दिया जाएगा. इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों, विद्यार्थियों तथा बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता रहेगी.

## महिला मोर्चा की ग्रामीण जिलाध्यक्ष बनीं नम्रता




**बैरसिया.** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे राजवाड़े ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से नम्रता शर्मा को भोपाल ग्रामीण का जिला अध्यक्ष नियुक्त कियाा है. नम्रता शर्मा ने कहा कि वरिष्ठ नेतृत्व ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर पूरी निष्ठा से खरी उतरने का प्रयास करूंगी. उन्होंने कहा कि भोपाल ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक बूथ स्तर तक महिला मोर्चा को मजबूत बनाना और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता होगी.

# बैरसिया में स्कूल का कृषि फार्म अतिक्रमण की चपेट में

नवभारत न्यूज

**बैरसिया, 11 जुलाई. शासकीय सांदीपनि ठाकुर लाल सिह उमावि के नाम पर विदिशा रोड पर दोनों तरफ लगभग 34 एकड़ भूमि का कृषि फार्म दर्ज है. जहां कभी एग्रीकल्चर कृषि संकाय के सैकड़ों विद्यार्थी फसल उत्पादन और पशुपालन का प्रैक्टिकल करते थे, आज वही कृषि फार्म स्कूल प्रबंधन की लापरवाही के चलते अतिक्रमण से घिर गया है.**



कृषि समन्वयक उमाशंकर अवस्थी ने बताया कि शनिवार को कतिपय लोग जेसीबी चलाकर कृषि फार्म पर अतिक्रमण कर रहे थे. इसकी सूचना प्राचार्य हरिनारायण मिश्रा को लिखित में दी गई. इसके पूर्व में भी कुछ लोग फार्म की भूमि पर अवैध कब्जा कर चुके है. प्राचार्य ने तुरंत अधीनस्थ कर्मचारियों को मौके पर भेजा और अतिक्रमण की वीडियोग्राफी कराई. इस संबंध में प्राचार्य मिश्रा से बात की तो उन्होंने बताया कि कृषि फार्म में अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी. प्राचार्य ने कहा कि कृषि फार्म के सीमांकन हेतु राजस्व विभाग में आवेदन दे दिया है.कृषि फार्म की जगह में रखीं अवैध गुमठियों को भी हटाया जाएगा.

**इनका कहना है**

मामला मेरे संज्ञान में है .कृषि फार्म से संबंधी दस्तावेज लेकर प्राचार्य को बुलाया है . फार्म को जल्द सुरक्षित किया जाएगा .

**- अविनव आर्य, जिला शिक्षा अधिकारी,भोपाल**

## बंगाल की बौद्धिक विरासत पर भोपाल में हुई चर्चा

**भोपाल.** टीटी नगर स्थित कालीबाड़ी में यंग थिंकर्स फोरम द्वारा 'बंगाल की बौद्धिक विरासत' विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों और युवाओं की भागीदारी रही. चर्चा के दौरान वक्ताओं ने बंगाल की समृद्ध बौद्धिक परंपरा और देश के निर्माण में उसके योगदान को रेखांकित किया.

# दो दिन में 61 .77 लाख के मादक पदार्थ जब्त

**अभियान का उद्देश्य नशा मुक्त वातावरण बनाना है**



विशेष संवाददाता

**भोपाल, 11 जुलाई . प्रदेशव्यापी नशामुक्ति जन-जागरूकता अभियान 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' के 15 जुलाई से शुभारंभ से पहले मध्यप्रदेश पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ व्यापक कार्रवाई तेज कर दी है.**

पिछले दो दिनों में पुलिस ने लगभग 61.77 लाख रुपये मूल्य के मादक पदार्थ, प्रतिबंधित दवाएं और वाहन जब्त कर कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

पुलिस मुख्यालय के अनुसार अभियान का उद्देश्य केवल अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाना नहीं, बल्कि संगठित तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त कर प्रदेश में नशामुक्त वातावरण तैयार करना भी है.

नीमच में पुलिस ने 4.5 किलोग्राम अफीम और 30 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद किया, जिसकी अनुमानित कीमत 27 लाख रुपये है. इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. इंदौर में दो अलग-अलग मामलों में करीब 12 लाख रुपये मूल्य की एमडी ड्रग और ब्राउन शुगर जब्त की गई. वहीं नरसिंहपुर, शिवपुरी और सिंगरौली में की गई कार्रवाई के दौरान स्मैक, गांजा तथा कोडीन युक्त कफ सिरप की 722 बोतलें बरामद की गईं. पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अभियान के दौरान मादक पदार्थों के निर्माण, परिवहन, आपूर्ति और तस्करी में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी.

# दतिया उपचुनाव में सख्त चुनावी निगरानी की मांग

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 11 जुलाई. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने दतिया विधानसभा उपचुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग से कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी लगातार लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास कर रही है. उन्होंने कहा कि आगामी उपचुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराया जाना चाहिए.**

शनिवार को मीडिया से चर्चा करते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि



राज्यसभा चुनाव से लेकर विजयपुर विस उपचुनाव और हाल में दतिया में बने राजनीतिक घटनाक्रम तक लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने की एक श्रृंखला दिखाई देती है. उन्होंने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधियों को अनुचित तरीके से पदों से हटाया गया और विधायकों को प्रभावित करने के प्रयास किए गए.

# दुष्कर्म मामले में तीन दोषियों को आजीवन कारावास

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 11 जुलाई. अशोकनगर जिले में 10 वर्षीय मूक-बधिर बालिका से सामूहिक दुष्कर्म के जघन्य मामले में न्यायालय ने तीनों दोषियों को उनके प्राकृतिक जीवनकाल तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई है.**

न्यायालय ने प्रत्येक दोषी पर 20-20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है तथा पीड़िता को नालसा पीड़ित प्रतिकर योजना-2018 के तहत पांच लाख रुपये की क्षतिपूर्ति प्रदान करने के निर्देश दिए हैं. पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने कहा कि यह फैसला महिलाओं, बालिकाओं एवं दिव्यांगजनों के विरुद्ध अपराधों के प्रति मध्यप्रदेश पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति और पीड़ित-केंद्रित, समयबद्ध कार्रवाई का परिणाम है. वर्ष 2025 में दर्ज इस मामले की जांच अत्यंत संवेदनशीलता के साथ की गई. बालिका का बयान सांकेतिक भाषा विशेषज्ञ की सहायता से दर्ज कराया गया. घटना के 24 घंटे के भीतर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर डीएनए सहित सभी वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए और 30 दिनों के भीतर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया.

# दिल्ली-अशोकनगर के बीच चलेगी विशेष ट्रेन

## गुरु पूर्णिमा पर यात्रियों को मिलेगी अतिरिक्त सुविधा

**भोपाल, 11 जुलाई. गुरु पूर्णिमा के अवसर पर तीर्थयात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने दिल्ली सराय रोहिल्ला और अशोकनगर के बीच एक-एक फेरे के लिए विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है.**

गाड़ी संख्या 04004 दिनांक 26 जुलाई को दोपहर 12:15 बजे दिल्ली सराय रोहिल्ला से रवाना होकर फरीदाबाद, मथुरा, आगरा कैंट, ग्वालियर, झांसी और बीना होते हुए 27 जुलाई को प्रात: 4 बजे अशोकनगर पहुंचेगी. वापसी में गाड़ी संख्या 04003 30 जुलाई को शाम 5 बजे अशोकनगर से प्रस्थान कर 31 जुलाई को सुबह 8:45 बजे दिल्ली सराय रोहिल्ला



पहुंचेगी. विशेष ट्रेन में कुल 24 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें थर्ड एसी, स्लीपर, जनरल और एसएलआर कोच शामिल हैं. रेलवे ने यात्रियों से इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाने तथा यात्रा से पूर्व समय-सारिणी और ठहराव की जानकारी रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त करने की अपील की है.

**नांदेड़-टनकपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस आज से**

रेल मंत्रालय ने यात्रियों की सुविधा के लिए हजूर साहिब नांदेड़ और टनकपुर के बीच नई साप्ताहिक एक्सप्रेस सेवा शुरू करने की घोषणा की है. गाड़ी संख्या 17631 नांदेड़-टनकपुर एक्सप्रेस का संचालन 12 जुलाई से प्रत्येक रविवार को तथा वापसी में गाड़ी संख्या 17632 टनकपुर-नांदेड़ एक्सप्रेस का संचालन 14 जुलाई से प्रत्येक मंगलवार को होगा. यह नई ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, रानी कमलापति और बीना स्टेशनों पर ठहरेगी, जिससे इन क्षेत्रों के यात्रियों को सीधा और सुविधाजनक रेल संपर्क मिलेगा. ट्रेन का मार्ग मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के कई प्रमुख शहरों से होकर गुजरेगा. इसमें द्वितीय एवं तृतीय वातानुकूलित, शयनयान, सामान्य श्रेणी, पेंट्रीकार तथा अन्य आवश्यक कोचों सहित कुल 21 डिब्बे लगाए जाएंगे. रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पूर्व समय-सारिणी और अन्य विवरण आधिकारिक रेलवे पोर्टल से प्राप्त करने की अपील की है.


**Office of the Principal Govt. Dr. S.P.M. Science & Commerce College Bhopal (M.P.)**

S. No. 1597 Date- 08-07-2026

Online tender/bids are invited from the following works from experience Contractors and firms who has fulfilled the Eligibility Criteria

**Notice Inviting E-Tender**

| S. No. | System E-Tender No. | Name of Work | Cost of Bid Document & EMD in (Rs.) | Period of Contract |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_HED _520083 | Tender invite for the security services for the year 2026-27 | 2000.00 & 50000.00 | (12 Months) |
| 2 | 2026-HED _520084 | Tender invite for the Housekeeping services for the year 2026-27 | 2000.00 & 50000.00 | (12 Months) |

1. Interested bidders can view the detailed NIT on website http://www.mptenders.gov.in
2. The bid document can be purchased, Download and submission of bid online from 11/07/2026 at 10:30 Hrs to 03/08/2026 till 17:30 Hrs
3. Bid Opening Online Envelope A (Teachnical Bid) 05/08/2026 At 12:00 Hrs. Envelope C (Financial Bid) will be open after finalised of technical evaluation.
4. Amendment of NIT if any would be published on website only and not in newspapers.

E-mail: heglbsccbho@mp.gov.in
Cont. No. 0755-2551837

Principal
Govt. Dr. S.P.M. Science & Commerce College
Kolar Road, Bhopal

G 15499/26

**Name Change Notice**

I, Mrs. Chintamani alias Chintabai Deshmukh, caste Kunbi, age 85, resident of Prabhat Patan, Tehsil Prabhat Patan, District Betul, Madhya Pradesh, declare that my name is Chintamani Deshmukh on my Aadhaar card and Chintabai Deshmukh on my voter ID card. Both names are my own. I am known as **Chintabai Deshmukh**.

**Chintabai Deshmukh**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसामान्य को सुचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम युतिका संजय लेंडें था । जिसे बदलकर युतिका लेंडें कर दिया गया है।
मुझे YUTIKA LENDE D/O SANJAY PANDHARI LENDE नाम से जाना पहचाना जाए।
सही
युतिका लेंडें
पता: वार्ड नं.11, बूढ़ी, बालाघाट

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसामान्य को सुचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम KAMAL KISHORE PATLE था । जिसे बदलकर नया नाम KAMAL KISHOR PATLE कर दिया गया है मुझे अब KAMAL KISHOR PATLE S/O BHAIYA LAL PATLE नाम से जाना पहचाना जाए।
सही
कमल किशोर पटले
पता: मकान नं.96, वार्ड नं. 7, पौनी मलाजखण्ड , बालाघाट

**REQUIRED**

A Reputed CBSE School in Raipur Require Principal as per CBSE norms.
(1) Post Graduation – With 50% or above marks. (Post Graduation in Science will be preferred)
(2) B.Ed.
(3) Teaching experience – Minimum 10 years in CBSE School.
Post your Resume on Whats App Number
9827145244, 9827146626
Or
Email your Resume on shrivastava63@yahoo.co.in

**सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, कोलकाता**

(डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी अंडर डिस्ट्रिंट कैटेगरी)
(सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)
ई.एम. बाईपास रोड, पंचशायर, कोलकाता - 700 094

**रोजगार सूचना**

सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, कोलकाता और एफटीआईआई (FTII), ईटानगर में अनुबंध के आधार पर निम्नलिखित नियुक्तियों के लिए भारत के नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं .

**विज्ञापन संख्या: SRFTI/RECTT/2026-27/004** **दिनांक: 12.07.2026**

| क्र. | पद का नाम | संकलित पारिश्रमिक | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 01. | प्रोफेसर (इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया के लिए सिनेमैटोग्राफी), SRFTI | 155200.00 | 01 |
| 02. | प्रोफेसर (इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया के लिए लेखन), SRFTI | 155200.00 | 01 |
| 03. | प्रोफेसर (इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया के लिए निर्देशन और निर्माण), SRFTI | 155200.00 | 01 |
| 04. | प्रोफेसर (संपादन, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया), SRFTI | 155200.00 | 01 |
| 05. | प्रोफेसर (इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया के लिए प्रबंधन), SRFTI | 155200.00 | 01 |
| 06. | प्रोफेसर साउंड फॉर (इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया), SRFTI | 155200.00 | 01 |
| 07. | प्रोफेसर, एनिमेशन सिनेमा, SRFTI | 155200.00 | 01 |
| 08. | एसोसिएट प्रोफेसर, सिनेमैटोग्राफी, SRFTI | 134900.00 | 01 |
| 09. | एसोसिएट प्रोफेसर, संपादन, SRFTI | 134900.00 | 01 |
| 10. | एसोसिएट प्रोफेसर, साउंड रिकॉर्डिंग और डिज़ाइन, SRFTI | 134900.00 | 01 |
| 11. | एसोसिएट प्रोफेसर (फिल्म और टेलीविजन के लिए निर्माण), SRFTI | 134900.00 | 01 |
| 12. | असिस्टेंट प्रोफेसर, साउंड रिकॉर्डिंग और डिजाइन, SRFTI | 113600.00 | 01 |
| 13. | असिस्टेंट प्रोफेसर, लेखन (इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया), SRFTI | 113600.00 | 02 |
| 14. | असिस्टेंट प्रोफेसर, प्रबंधन (इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया), SRFTI | 113600.00 | 02 |
| 15. | असिस्टेंट प्रोफेसर, सिनेमैटोग्राफी (इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया), SRFTI | 113600.00 | 02 |
| 16. | असिस्टेंट प्रोफेसर, संपादन, SRFTI | 113600.00 | 01 |
| 17. | असिस्टेंट प्रोफेसर (संपादन, इलेक्ट्रानिक और डिजिटल मीडिया), SRFTI | 113600.00 | 01 |
| 18. | असिस्टेंट प्रोफेसर, साउंड फॉर EDM, SRFTI | 113600.00 | 01 |
| 19. | असिस्टेंट प्रोफेसर, EDM के लिए निर्देशन और निर्माण, SRFTI | 113600.00 | 01 |
| 20. | ब्रॉडकास्ट इंजीनियर, SRFTI | 113600.00 | 01 |
| 21. | प्रोडक्शन मैनेजर, SRFTI | 87675.00 | 01 |
| 22. | प्रोडक्शन मैनेजर फॉर इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया, SRFTI | 87675.00 | 01 |
| 23. | असिस्टेंट ब्रॉडकास्ट इंजीनियर, SRFTI | 70200.00 | 01 |
| 24. | एडिटर फॉर इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया, SRFTI | 70200.00 | 01 |
| 25. | साउंड रिकॉर्डिस्ट फॉर इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया, SRFTI | 70200.00 | 01 |
| 26. | वीडियोग्राफर फॉर इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया, SRFTI | 70200.00 | 01 |

फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, जोलांग-राकप (जोते), पापुम पारे, ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश में अनुबंध के आधार पर निम्नलिखित नियुक्तियों के लिए भारत के नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं .

| क्र. | पद का नाम | संकलित पारिश्रमिक | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 27. | एसोसिएट प्रोफेसर, संपादन, FTII, ईटानगर के लिए | 119424.00 | 01 |
| 28. | एसोसिएट प्रोफेसर, निर्देशन, FTII, ईटानगर के लिए | 119424.00 | 01 |
| 29. | कैमरामैन (स्टिल फोटोग्राफी) FTII, ईटानगर के लिए | 62316.00 | 01 |

विवरण के लिए ; लॉग ऑन करें www.srfti.ac.in पर. **सीबीसी-22107/11/0011/2627**